## खबर संक्षेप



### शासकीय हाई स्कूल जमताल में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**मैहर**। शासकीय हाई स्कूल जमताल संकुल नादन जिला मैहर में हर्षोल्लास से प्रवेशोत्सव मनाया गया। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार 1अप्रैल से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ हो गया है जिसमें कक्षा एक में बच्चों का प्रवेश करना नवीन कक्षा में कक्षोंन्नत करना है जिसके तहत शासकीय हाई स्कूल जमताल में प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम मां सरस्वती की पूजा अर्चन के साथ प्रारंभ हुआ इसके बाद विद्यालय के छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया और उन्हें प्रतिदिन विद्यालय आने की प्रेरणा दी गई। इसके साथ ही बालसभा के माध्यम से रोचक कहानियां गीत बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात बच्चों में चॉकलेट और प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों के साथ साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक रजनीश कुमार गौतम,शिक्षक रामावतार कोल,शिक्षिका अल्का सिंह,शशिकला बंसल,ज्योति प्रजापति, रामाधार बुनकर,ऋषभ देव गौतम, अजय चतुर्वेदी, अभिषेक कुशवाहा, नम्रता द्विवेदी उपस्थित रहे।

### विन्ध्य चेम्बर का स्नेह मिलन समारोह आयोजित




**सतना**। विन्ध्य चेम्बर आफ़ कॉमर्स द्वारा रविवार 31 मार्च को संगम बेला में होली मिलन (स्नेह मिलन) कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन की राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी रहीं। विन्ध्य चेम्बर आफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि सर्वप्रथम चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा द्वारा आमंत्रित अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया,चेम्बर के पदाधिकारी एवं कार्य समिति सदस्यों द्वारा सभी चेम्बर सदस्यों एवं सहयोगी संस्थाओं के पदाधिकारियों को दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। पंडित विनोद मिश्रा एवं उनकी टीम तथा सुमधुर आर्केस्ट्रा ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में फूलों से होली भी खेली गई। कार्यक्रम में सांसद गणेश सिंह,लक्ष्मी यादव,जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष गगनेंद्र प्रताप सिंह,पूर्व महापौर पुष्कर सिंह तोमर चेम्बर के पूर्व अध्यक्ष मोतीलाल गोयल,कमलेश पटेल,लखन अग्रवाल,द्वारिका गुप्ता,चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा,उपाध्यक्ष मनोहर वाधवानी,दीपक अग्रवाल,महामंत्री संदीप कुमार जैन,मंत्री हरिओम गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# रेलवे में गांजा के बाद 20 लाख की चांदी के साथ दो गिरफ्तार



## रेलवे पुलिस फोर्स की बड़ी कार्रवाई

**सतना**। रेल मार्ग में तस्करी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। तीन दिन पहले राजकीय रेलवे पुलिस जीआरपी ने गांजे की बड़ी खेफ पकड़ी थी। इसके बाद सोमवार को ट्रेन में 20 लाख की चांदी के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दो युवक ट्रेन में सफर कर रहे थे है। इनके पास करीब 27 किलो चांदी मिली है। यह चांदी सतना के सराफा बाजार में बिकने आ रही थी। अब आरपीएफ उन व्यापारियों कि जानकारी जुटा रही है जिनके यहां यह चांदी उतरने वाली थी मामले की सूचना आयकर और जीएसटी विभाग को भी दी गई। सतना में आज आरपीएफ पुलिस ने महाकौशल ट्रेन में सफर कर रहे दो सनिग्धो को पूछताछ के लिए पकड़ा ये दोनो व्यक्ति के पास आगरा से सतना की टिकट मिली दोनो हाथरस के रहने वाले है। पूछताछ में दोनो ने पुलिस से अभद्रता की और जब पुलिस ने इनके बैग की तलाशी ली तो इनके पास बड़ी मात्रा में चांदी मिली। एक के बैग से करीब चौदह किलो जबकि दूसरे के पास करीब तेरह किलो चांदी मिली जो घुंघरू के आकार में है। पूछताछ में दोनो पुलिस को गुमराह कर रहे थे। ऐसे में पुलिस ने चांदी जब्त कर आयकर विभाग और जीएसटी विभाग को सूचना दी है। चांदी की अनुमानित कीमत करीब बीस लाख है पुलिस की तफ्तीश जारी है।

### अवैध शराब का परिवहन करते हुए दो लोग गिरफ्तार

**सतना**। मझगवां थाना क्षेत्र में अवैध शराब का परिवहन करते पाए जाने पर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 3 पेटी विस्की अग्रेजी शराब व 04 पेटी देशी मदिरा प्लेन शराब कुल 350 क्वाटर शराब कीमती करीब 29500 रूपये सहित परिवहन में प्रयुक्त हीरो स्प्लेडर बाइक क्रमांक एमपी 19 एमजेड 3201 कीमती करीबन 80 हजार रूपए को जप्त किया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम चालक विपिन कुमार गौतम पिता रविशंकर गौतम उम्र 26 साल निवासी ग्राम चौरेही थाना मझगवां व पीछे बैठे ब्यक्ति ने अपना नाम मुन्ना गौतम पिता लोल्ली प्रसाद गौतम उम्र 43 साल निवासी ग्राम चौरेही थाना मझगवां जिला सतना (म.प्र.) का होना बताया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मझगवां निरी आदित्य नारायण सिंह धुर्वे,उनि नेहा ठाकुर,उनि के पी वर्मा,सउनि जय सिंह बागरी प्रधान आरक्षक ब्रम्हदत्त शुक्ला,प्रदीप कुमार,आऱक्षक आकाश कुशवाहा,इष्टदेव दीक्षित,राकेश कश्यप,रणविजय कुमार,बृजेश्वर यादव,अनुज सिंह,शिवकुमार यादव सैनिक जितेन्द्र चौहान,देवराज का सराहनीय योगदान रहा।

### कट्टा और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**सतना**। कोटर थाना पुलिस ने एक युवक को देसी कट्टा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार किए गए आरोपों का नाम प्रभान्शू कुशवाहा पिता श्याम लाल कुशवाहा उम्र 23 साल निवासी शाह पुर थाना सेमरिया जिला रीवा है। वह बांये तरफ पैन्ट की नीचे कमर में एक 12 बोर का कट्टा खोसे पाया गया जिसमे एक जिन्दा 12 बोर का कारतूस लोड पायी गयी।आरोपी के विरुद्ध 25-27 आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कार्यालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी उप निरीक्षक रवीन्द्र द्विवेदी उनि.बी.एस तोमर,सउनि बीरेन्द्र चौबे,प्र.आर.बीरेन्द्र शुक्ला,देवेन्द्र सेन,बाबू सिंह यादव,आर.विपिन व्दिवेदी आदि की भूमिका बताई गई है।

## नागौद में चोरी, आरोपी माल सहित गिरफ्तार



**सतना**। नागौद पुलिस ने चोरी की एक सनसनी खेज घटना की जांच के दौरान 12 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई कीमती वस्तु भी बरामद कर ली है। आरोपी के कब्जे से सोने की लाकेट (02 छोटी व 01 बडी),नाक की सोने की कील (03 नग) नाक की नकली सोने जैसी नथिया एक नग,सोने की टप्स एक जोडी,चांदी की बिछिया 03 जोडी (06 नग) बरामद कर लिया है। चोरी का खुलासा करने वाली टीम में उप निरीक्षक अरुण त्रिपाठी (चौकी प्रभारी पोंडी), प्रआर.पंकज मिश्रा,आर क्रान्ति मिश्रा,कमलेन्द्र सिंह,सैनिक मोतीलाल कोल,राजेश गुप्ता आदि शामिल है। पुलिस सूत्रों को मुताबिक फरियादी कृष्णकांत शर्मा पिता रामयश शर्मा उम्र 48 वर्ष निवासी ने का थाना रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह पत्नी श्यामवती शर्मा के साथ घर में ताला लगाकर ससुराल मरयाजपुर थाना शाहपुर जिला मऊगंज चला गया। सुबह परिवार के चाची सरस्वती व कृष्णा बाई शर्मा नें फोन लगाकर बताया कि आपके घर के खिड़की टूटी हुई है एवं दरवाजा खुला है। घर वापस आया तो घर के अन्दर जाकर देखा कि कमरे अन्दर रखी पेटी का ताला टूटा हुआ था एवं उसके अन्दर रखे तीन जोडी बिछिया चांदी की,एक सोने की लाकेट,एक सोने की नाक की नथनी,एक जोडी सोने के टप्स कुल कीमती करीबन 90000 रुपये के नहीं थे। कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है जिसकी पता तलास किया गया जो नहीं मिला। फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना नागौद में अपराध क्रमांक 215/24 धारा 380 ताहि का अपराध सदर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर त्वरित पुलिस टीम रवाना कर आस-पास के लोगो से संदेहियों एवं उनके आत्म सोहरत के बारे पता तलास करते हुये विधिवत पूछताँछ की गई। दौरान पता तलास के यह पाया गया कि बाल अपचारी श्रीकांत शर्मा उर्फ लल्ला इस प्रकार की आत्म सोहरत रखता जिसे हिरासत में लेकर विधिवत पूछतांछ की गई जिसके द्वारा उक्त चोरी गई मशरुका चोरी कर अमित लखेरा पिता उमाशंकर लखेरा उम्र 22 वर्ष व अमर चन्द्र लखेरा पिता स्व.इन्द्रभान लखेरा उम्र 21 वर्ष दोनो निवासी अटरा को बेंच देना बताने से उक्त आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताँछ कर चोरी गया मशरुका बरामद किया गया।

## मतदाता जागरुकता अभियान में निकाली साइकिल रैली



**मैहर**। सतना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के निर्देशानुसार जिले में जारी स्वीप गतिविधियों के तहत सोमवार को मैहर शहर में मतदाता जागरूकता साईकल रैली निकाली गई। यह रैली नगर पालिका कार्यालय मैहर से प्रारम्भ होकर किला चौक,हुसैन चौक,रहीम चौक,रंगलाल चौक,पूर्व दरवाजा,घंटाघर,कटरा बाजार,स्टेशन रोड होते हुए रेस्ट हाउस के पास रैली का समापन हो गया। रैली के समापन पर उपस्थित मतदाताओं को मतदान की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर मैहर संयुक्त कलेक्टर विकास सिह,मैहर सीएमओ लालजी ताम्रकार,इंजी.राहुल पटेल,आकाश अग्रवाल,देवेंद्र शुक्ला, कर्मचारी, अधिकारी तथा छात्र उपस्थित रहे। इसी प्रकार मतदाता जागरूकता अभियान के लिए जारी कैलेंडर के अनुसार 1 अप्रैल को सतना संसदीय क्षेत्र के सभी ग्रामीण और नगरीय निकायों में साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

### वंदे मातरम का गायन

शासन के आदेशानुसार आज मैहर जिला संयुक्त कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हर महीने की पहली तारीख को कार्यालय के कार्य प्रारंभ करने से पूर्व राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गान किया गया। इस दौरान कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## शराब तस्कर भेजा गया जेल

**सतना**। कोठी पुलिस ने शराब की तस्करी करते पकड़े जाने पर एक युवक को गिरफ्तार किया और उसके खिलाफ कार्रवाई की आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम रनेही आम के बगीचे में एक व्यक्ति महुआ की शराब अवैध रूप से बेचने के लिये रखे है। तब सूचना पर कोठी पुलिस रनेही बगीचा मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंची तो देखा कि एक व्यक्ति वहां 4 प्लास्टिक के बडे साइज के डिब्बे लिये रखे हुये मिला जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकडा गया और नाम पता पूछने पर उपरोक्त व्यक्ति ने अपना नाम मिथलेश सेन पिता रामविश्वास सेन उम्र 40 वर्ष निवासी चिरहुली थाना कोठी का होना बताया। फिर संदेही के सभी 4 प्लास्टिक के डिब्बो की तलाशी लेने पर 04 प्लास्टिक के डिब्बों में कुल 60 लीटर हाथ भट्टी की महुआ की देशी शराब पाई गई जिससे शराब बेचने का कागजात व लायसेंस की मांगा गया जो नही होना बताया। आरोपी मिथलेश सेन पिता रामविश्वास सेन उम्र 40 वर्ष निवासी चिरहुली थाना कोठी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत दण्डनीय पाये जाने से मौके से गिरफ्तार कर मय जप्त शुदा शराब के थाना आकर अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी उपनिरी.रूपेन्द्र सिंह राजपूत,सउनि.अश्वनीधर द्विवेदी,सउनि.अनिल तिवारी,प्रआर सुधीश अग्रिहोत्री,आर विशाल नागर,आर.राजमणि साहू,आर.रामनरेश बैगा,आर.पंकज कुशवाहा,आर.राजपाल बागरी,आर.चा. मानवेन्द्र सिंह, मआऱ.1 रुबी सिंह,मआर. मनीषा तिवारी,सै रामशरण गौतम,सैनिक पुष्पेन्द्र सिंह शामिल रहे।

# जीत नगर के निवासी खरीद कर पानी पीने को मजबूर







**मैहर**। मैहर तो जिला बन गया है मगर मैहर जनपद पंचायतों में पदस्थ सचिव एवं जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता से जीत नगर पंचायत के ग्रामीण आज 10 वर्षो से पानी की समस्या से जूझ रहे जिसकी शिकायत उच्च स्तर पर किए जाने पर झूठी रिपोर्ट दे दी जाती है कि पानी की किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है जब कि वास्तविकता पंचायत में लगे हैण्डपंप अपनी कहानी बता रहे है। मैहर जनपद पंचायत में आने वाली पंचायत जीत नगर में लगभग 1100 ग्रामीण निवास करते है। इन ग्रामीणों को आज 10 साल से पेयजल के लिए भटकना पड़ता है लेकिन आज तक कुछ हल नहीं निकाला गया है। ग्रामीणों के द्वारा बताया जाता है कि गांव में जब हैण्डपंप खुदे है तब से आज तक कोई नया हैण्डपंप नही खोदा गया है। इस गांव में जितने भी

**पंचायत के सभी बोर अपनी दुर्दशा के बहा रहे है आंसू, सरकारी जमीन में अतिक्रमण**

हैण्डपंप लगे है कुछ बिगड़ें है वहीं कुछ हैण्डपंप चलते तो है मगर पानी का जल स्तर नीचे चले जाने के कारण पानी की जगह हवा निकाल रहे। जहां पर हैण्डपंप लगे हैं वहां गदंगी का अम्बार लगा हुआ है क्योंकि नाली की सफाई नहीं की जाती है। इसी तरह गांव के कुंओं मे जो कुएं हैं उनकी सफाई न होने से पानी नीचे चला गया है। ग्रामीणों के द्वारा बताया जा रहा है कि जीत नगर पंचायत में वर्तमान सरंपच आशा कोल है जिनकों जिनकों ग्राम पंचायत की समस्याओं से कोई लेना देना नही है। गांव वाले ने पानी की समस्या बताई मगर सरपंच के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। इसके पहले भी वर्तमान सरपंच के पति ही सरपंच रहे मगर उनके कार्यकाल भी निष्क्रिय काल रहा है जिससे पंचायत के लोगों को सरकार की योजनओं का लाभ नहीं मिला है। अगर ग्रामीण पंचायत सचिव श्याम लाल कुशवाहा के पास जाते है तो वो भी एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल देते है जिससे पंचायत के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत की सरकारी जमीन में कुछ लोगों के अतिक्रमण कर लिया गया जिससे गांव वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के द्वारा बताया जाता है कि नल जल योजना की पाइप तो डली है उसमें टोटीं नहीं लगाई गई है उसमे कनेक्सन आज तक नहीं किए गए है।

## प्यास बुझाने के लिए 2 किमी दूर से लाना पड़ता है पानी

**मैहर**। शिक्षा गारंटी शाला हरिजन बस्ती कुटाई के हालत वर्षों से दयनीय बने हुए है। कहने को तो इस विद्यालय में दो भवन है मगर वास्तव में एक भवन में बच्चे पढ़ते है दूसरा जर्जर हालत में है जिस वजह से बंद पड़ा है। शिक्षा विभाग की अनदेखी के कारण विद्यालय पूर्णतः दुर्दशा का शिकार है इसके अलावा इस तपा देने वाली गर्मी में बच्चों को पीने का पानी नसीब नहीं हो रहा है।

### खामियाजा भुगत रहे ग्रामीण

प्राप्त जानकारी में बताया गया है कि वर्तमान समय में विद्यालय के छात्र छात्राओं को पीने के पानी के लिए 2 किमी दूर जाने में मजबूर है बच्चों को 2 किमी दूर से साइकिल में पानी के डिब्बे भर कर स्कूल तक लेकर आना पड़ता है। शासकीय तौर पर विद्यालय प्रांगण में दो पानी के बोर कराए गए है लेकिन पंचायत कुटाई व पीएचई विभाग के बेरुखी के कारण बंद पड़े हुए है। कभी शिक्षा गारंटी शाला हरिजन बस्ती कुटाई के बच्चे पानी न मिलने के कारण सूखे गले को गीला तक नही कर पाते है। ग्रामीणों के द्वारा आरोप यहां तक लगाए जा रहे है कि पंचायत के सरपंच विजय द्विवेदी व सचिव की बेरुखी का खामियाजा हरिजन बस्ती के लोग भोग रहे हैं।

### पहले दिन 16 बच्चे उपस्थित रहे

बताया जा रहा है कि ग्रामीणजन शासन की योजनाओं छोड़िए यहां पानी तक उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। जानकारों की माने तो शिक्षा गारंटी शाला हरिजन बस्ती कुटाई मैहर में कुल करीब 37 बच्चे है। आज सत्र के पहले दिन करीब 16 बच्चे ही स्कूल आये लेकिन मध्यान्ह भोजन 20 बच्चों के हिसाब से बनाया जा रहा था जो करीब देखने में आटा एक किलो व सब्जी आधा किलो आलू की सब्जी जो नाम मात्र का मसाला था पानी ज्यादा दिख रहा था। यूं तो गरीबों के बच्चों का निवाला शासन तो दे रही है भरपूर लेकिन बीच के लोग ही हजम कर रहे हैं डकार तक नही ले रहे।

## आत्महत्या की घटना के बाद ग्रामोदय विश्वविद्यालय के सामने नारेबाजी

### आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने की मांग

**सतना**। चित्रकूट स्थित महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में बीते शनिवार को अधिष्ठाता और प्रोफेसर की प्रताड़ना व अपमान से तंग आकर आदिवासी छात्र द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई थी। जिसके बाद सोमवार को आक्रोशित छात्रों द्वारा ग्रामोदय विश्वविद्यालय गेट के बाहर जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। साथ ही कुलपति, कृषि संकाय के अधिष्ठाता और प्रोफेसर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई। सात दिवस के अंदर मांगे न मानी जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है। गौर तलब है कि चित्रकूट स्थित महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कृषि संकाय में पढ़ने वाले आदिवासी छात्र माधेश जमरे ने शनिवार को आत्म हत्या कर ली। आरोप है कि कृषि संकाय के अधिष्ठाता (डीन) प्रो देव प्रभाकर राय उर्फ डीपी राय और प्रोफेसर पवन सिरोठिया के द्वारा लगातार की जा रही प्रताड़ना और अपमान के चलते बीते शनिवार को अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या की है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अधिष्ठाता और प्रोफेसर की रिपोर्ट के आधार पर मृतक छात्र माधेश सहित चार छात्रों को विश्वविद्यालय परिसर से बाहर हुए छात्रों के आपसी विवाद/झगड़े को लेकर निष्कासित कर दिया गया था। आरोप है कि मृतक माधेश और उनके अन्य साथियों द्वारा निष्कासन समाप्त करने के लिए जब भी प्रबंधन के पास जाते थे, उन्हें अपमानित किया जा रहा था इसी प्रताड़ना में आकर छात्र ने आत्महत्या कर ली है।ग्रामोदय के छात्रों ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंप कर संबंधित मामले पर उचित कार्यवाही करने की मांग की है साथ ही साथ दिन के अंदर कार्यवाही न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

## वार्ड नं. 15 की बजबजा रही नालियों से जीना हुआ दुश्वार

**मैहर**। वार्ड नं 15 के कपड़यिान वार्ड के निवासी बजबजा रही नालियों से परेशान है। वार्ड के लोगों का कहना है कि मैहर नगर पालिका में सफाई कर्मियों की फौज है जो सफाई व्यवस्था के नाम पर जीरों है वहीं टाइम पर वेतन न मिलने पर करते है सफाई कर्मी हड़ताल कर अधिकारियों पर दबाव डाला जाता है। सफाई की व्यवस्थाओं पर अगर बात करे तो लगभग सभी वार्डो में यही स्थिति है। न सफाई होती है नालियां गंदे पानी से बजबजा रही है जहां पर मच्छरों को साम्राज्य है जो शाम होते ही लोगों के घरों में घुसकर जीना हराम कर देते है। जिम्मेदार सफाई प्रभारियों और कर्मचारियों के आगे अधिकारी बने झुनझुना बने हुए है क्यों कि हड़ताल की खौफ दिखाकर जनप्रतिनिधियों व नपा अधिकारियों पर बनाये रहते है दबाव और काम के प्रति केवल सड़कों पर ही खानापूर्ति कर साफ व्यवस्था दुरुस्त रखी जाती है।





### होली उत्सव के साथ हुई गहोई समाज की आमसभा

**सतना**। गहोई वैश्य पंचायत ने होली उत्सव एवं आम सभा का आयोजन किया गया। आनंद, उल्लास और मस्ती से सराबोर पर्व होली मिलन के इस आयोजन की शुरूआत ठंडाई के साथ हुई। सबसे पहले आमसभा का आयोजन किया गया। जिसमें समाज हित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने के बाद आगामी कार्यक्रमों के बारे में बात रखी गई। इस आयोजन के मुख्य अतिथि गहोई वैश्य पंचायत कटनी के अध्यक्ष कमलेश सुहाने रहे। उनका सम्मान सतना के गहोई समाज ने शॉल, श्रीफल और मोमेंटो देकर किया। आमसभा और सम्मान समारोह के बाद महिला मंडल ने फूलों की होली खेली। सभा में मंच का सफल संचालन सचिव इंजी. पियूष गुप्त ने किया। जबकि आभार प्रदर्शन समाज अध्यक्ष संजय गुप्ता के द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### गुम हुई 4 वर्षीय बच्ची को पुलिस ने चंद घंटों में माँ से मिलाया

**अमानगंज ।** नगर अमानगंज के हरदौल मंदिर के पास रहने वाली फूलवती पति राकेश आदिवासी की 4वर्षीय बच्ची गीता आदिवासी पिता राकेश आदिवासी अपनी मां से बिछड़ गई थी और नया बस स्टैंड अमानगंज में घूम रही थी जिसको पुलिस ने चंद घंटे में उसकी मां को तलाश कर उससे मिलवाया। अपनी बच्ची को सकुशल देखकर फूलवती आदिवासी की चेहरे पर खुशी की लहर दिखाई दी।

### दो नाबालिकाओ को दस्याब कर अमानगंज पुलिस ने किया परिजनों के सुपुर्द

**अमानगंज।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियो को अपहृत बालक/बालिकाओं की अधिक से अधिक दस्तयाबी करने हेतु निर्देशित किया गया है । पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं अनु0 अधि0 पुलिस गुनौर ग्लेडविन एडवर्ड कार के मार्गदर्शन में थनो के में दर्ज अपहरण के प्रकरणों में अपहृत बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु जिले के समस्त थानो में थाना स्तर पर थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया था । इसी तारतम्य में थाना अमानगंज में दिनांक 27.03.24 को फरियादी द्वारा रिपोर्ट की गई की उसकी नाबालिक बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया है फरियादी कि रिपोर्ट पर थाना अमानगंज मे अप.क्र. 157/24 एंव 158 /24 धारा 363 भा.द.वि. कायम किया गया जाकर उक्त प्रकरण मे थाना प्रभारी अमानगंज उनि महेन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये अपहृत बालिका की तलाश कर दस्तयाबी हेतु प्रयास किये गये । मामले में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर मामले की अपहताओ को दिनांक 31.03.24 को कस्बा अमानगंज से दस्तयाब किया जाकर वैधानिक कार्यवाही उपरांत परिजनो के सुपुर्द किया गया है । सराहनीय योगदान उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अमानगंज उनि महेन्द्र सिंह भदौरिया , प्र.आर 113 राजीव मिश्रा, मुकेस सोनी ,आरक्षक द्वारका प्रसाद, बरदानी प्रजापति, तुलसीदास , हेमंत ,मेहरबान, विश्वास, एवं सलीम ,महिला आरक्षक अजली त्रिपाठी का सरहानीय योगदान रहा है।

### सामान्य प्रेक्षक की नियुक्ति

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत खजुराहो संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक की नियुक्ति की गई है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2013 बैच के अधिकारी नगिक्य गोहेन को सामान्य प्रेक्षक बनाया गया है। सामान्य प्रेक्षक के व्यवस्था प्रभारी का दायित्व जिला आबकारी अधिकारी संतोष कुमार सिंह और लायजनिंग अधिकारी का दायित्व उपयंत्री राकेश अरजरिया को सौंपा गया है, जबकि स्टॉफ में स्टेनोटाइपिस्ट अभिषेक यादव और भृत्य विवेक रावत की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

### राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन



**पन्ना।** अप्रैल माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राष्ट्रगीत वन्दे मातरम का सामूहिक गायन हुआ। इसके बाद शासकीय कार्य की शुरूआत की गई। इस अवसर पर कलेक्टर सुरेश कुमार, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# पन्ना जिले में पत्थर खदानों का व्यवसाय वैसे तो दम तोड़ रहा है पर अवैध रूप से संचालन को लेकर सुर्खियां भी चर्चाओं में

**पन्ना।** नीतियां ही अंजाम देती है अवैध कारोबार को दिशा के रूप में वन भूमि से 25-50 मीटर दूरी मौके पर होती है वहीं 100-200 मीटर का दावा फॉइलों में हो जाता है। वास्तविकता में वन भूमि के नजदीक पत्थर खदानें अवैध दिशा को लेकर जानी जाती है वहीं मापदण्ड की बात करें तो कार्य करने वाले मजदूरों के लिये क्या सुविधायें होनी चाहिये वह भी कोसों दूर जिले में पत्थर खदान का व्यवसाय कभी चर्चा में अच्छे खासे व्यवसाय के रूप में माना जाता था पर वास्तविकता में आज के हालात पत्थर का कारोबार कुछ ही क्षेत्रों तक सिमट कर रहा गया है। वहीं अवैध तरीके से खदानों का संचालन भी कई बार सुर्खियां बटोरता है। ताजा मामला शाहनगर क्षेत्र अंतर्गत सुनपुरा गांव के पास जैसे पत्थर खदानों का मामला शोशल मीडिया में सुर्खियां बटोर रहा है वहीं अवैध खदानों के रूप में इशारा करने की बात भी चर्चा में बखूबी शोसल मीडिया में खनिज अधिकारी को आड़े हांथों लेते हुये फोन न उठाने की बात भी सुर्खियां बटोर रही है पर मामला पत्थर खदानों को लेकर सच्चाई तो यह है कि शासन की नीतियां ही अवैध कारोबार की दिशा की ओर ले जाती है वन भूमि से कितनी दूरी पर पत्थर खदान स्वीकृत होना चाहिये यह मामला वन भूमि के नजदीक पहुंचाने को लेकर जो प्रावधान 100-200 मीटर तक पहुंचाया गया दूरी को लेकर पर वास्तविकता में फाइलों व कागजों में जो यह दूरी नियमों के तहत होती है वहीं मौके पर यह दूरी अपने आप में फारेस्ट की सीमा तक खदानों की 25-50 मीटर का अनुमान लेकर कारोबार होता रहता है। आखिरकार स्वीकृति को लेकर नियम कुछ और होते है



पर संचालन पर हालात मौके के होते है। अवैध रूप तभी तय होता है जब हालात जमीनी स्तर के अलग ही अंजाम के रूप में पहुंचते है चाहे वह कल्दा पहाड़ हो शाहनगर क्षेत्र की बात हो पत्थर खदानों की मौके की हकीकत कुछ अलग ही बयां करने लगती है वहीं सबसे बड़ा सवाल उन मजदूरों का भी होता है जो पत्थर खदानों में कार्य करते है पत्थर काटने का उन्हें क्या सुविधायें मिलनी चाहिये आज तक इसका पालन जिले में प्रशासन नहीं करा पाया आखिरकार इसके पीछे मंशा आम आदमी की जान की परवाह न होना माना जाता है। गरीब व्यक्ति मजदूरी के रूप में आज भी परिवार पालने के लिये पत्थर खदानों में कार्य करते है पर इसका हश्र दूरगामी समय को लेकर सिलीकोशिस जैसी बीमारी के रूप में सामने आता है। आज भी पन्ना जिले में ऐसे गांव कुछ उदाहरण के तौर पर है जहां 50 की उम्र या 60 की उम्र के बाद पुरूष वर्ग नहीं है यह दास्तां आखिरकार यह नीतियों की सोच का परिणाम कहें जहां जिम्मेदार अपने दायित्वों का निर्वाहन नहीं कर पाते रसूखदारों के सामने उन्हीं के साथ मिली भगत के रूप में अवैध तरीके से पत्थर खदानों में कार्य करने को लेकर सहभागी बन जाते है। आखिरकार खदान संचालन करने वालों के सामने नीतियां अंजाम तक पालन करने को लेकर जिम्मेदार अधिकारी क्यों अनभिज्ञ बने रहते है इसके पीछे स्वयं का हित लाभ ही चर्चा में आता है। आखिरकार जमीन भी सुरक्षित नहीं होती वहीं इंसान के जान की भी परवाह नहीं होती बेखौफ कारोबार अंजाम को लेकर पत्थर खदानों का संचालित रहता है उसके पीछे नामी गिरामी लोग सफेद पास धारियों के करीबी ही होते है। कई बार पत्थर खदानों का कारोबार सुर्खियां बटोरता रहता है फिर भी जिम्मेदार अधिकारी अपनी कुंभकरणीय नींद को नहीं खोलते। जिसका परिणाम है कि अवैध तरीके से कारोबार फलता फूलता रहता है आखिरकार नियमों का पालन कराये जाने को लेकर जब सफेदपोसधारी व अधिकारी ही उचित नहीं मानेंगे तो फिर हालात तो मजबूरी के रूप में जाने जाते है जो जिले में कई बार चर्चा में होते है। शोसल मीडिया में जिस तरह के हालात एक बार फिर हो रहे बयां।

## सादगी के साथ बखत सिंह थाना प्रभारी कुछ अलग कार्यप्रणाली से ही समूचे थाना क्षेत्र में स्वयं अपनी छाप छोड़ते है, अजयगढ़ में भी साइकिल से दूरी तय कर रहे

**पन्ना।** जिले के पुलिस विभाग में कई बार बखत सिंह को नायाब हीरे के रूप में चर्चा में माना जाता है इनकी कार्य प्रणाली स्वमेव अपने आप में अलग अंदाज को लेकर सादगी भरे हालात के साथ कुछ अलग ही जानी जाती है। जिस थाना क्षेत्र में आपको दायित्व मिलता है वहां इनका सूचना तंत्र अपने आप में बखूबी मजबूत होता है उसके पीछे स्वयं की सोच साधारण व्यक्तित्व असाधरण कार्य प्रणाली दूरगामी सोच के चलते सफर बखूबी अच्छा तय करने को लेकर जाना जाता है। इस समय अजयगढ थाना में थाना प्रभारी का दायित्व मिला है वह साइकिल से दूरी तय करते हुये प्रतिदिन दो घंटे में 50-60 कि.मी. साइकिल के माध्यम से गांवों के आम आदमियों तक ही पहुंचकर हालात थाना क्षेत्र के जानने में सफल यात्रा के रूप में दिशा तय होती है। वहीं युवाओं के लिये प्रेरणा श्रोत स्वस्थ्य जीवन बिना आर्थिक व्यय के शारीरिक रूप से मजबूत होने को लेकर इरादे तय होते है जो जिंदगी में पहले सुख को लेकर जाने जाते है स्वस्थ्य काया ही सबसे बड़ा सुख माना जाता है। जो साइकिलिंग के माध्यम से स्वस्थ्य काया के रूप में आज बखत सिंह को बखूबी नसीब है वहीं इनकी सोच साधारण भले ही भेषभूषा से पर असाधारण व्यक्तित्व के धनी जो गरीबों व जरूरतमंदों के लिये सदैव दिल खोलकर उनके लिये हर समय कुछ करने का इरादा होता है साकार रूप में परणित करते हुये इनकी कार्य प्रणाली जानी जाती है। वर्तमान समय में शिक्षा ही आदमी के सर्वागीण विकास को लेकर सौगात के रूप में मानी जाती है



आपकी सोच ऐसे छात्र-छात्राओं को जो स्वयं से आर्थिक परेशानी के कारण कोचिंग या अन्य परेशानी के चलते शिक्षा पाने में कठिनाई का मुकाम हो उनके लिये मशीहा के रूप में कार्य करने को लेकर इनकी कार्य प्रणाली पहले से ही बृजपुर थाना समूचे क्षेत्र में जानी गई है जहां आपने अपने पुलिस अधीक्षक तत्कालीन धर्मराज मीणा के मार्गदर्शन में मुफ्त में शिक्षा प्रदान करने के लिये लाइब्रेरी व प्रतिस्पर्धा के दौर में कोचिंग के रूप में छात्र-छात्राओं को शिक्षा प्रदान करने के लिये दिशा तय की थी वहीं कई लोगों को जो नशे में चूर रहते थे अवैध रूप से शराब का करोबार स्वयं करते थे अपनी जिंदगी के साथ-साथ दूसरों की जिंदगी को तबाह करने के लिये कार्य करते थे ऐसे लोगों को सुधारने के लिये आपने कार्य किया। वहीं साइकिलिंग के माध्यम से कहीं भी कभी भी किसी भी जगह साधारण इंसान के रूप में थाना प्रभारी बखत सिंह ठाकुर पहुंच जाते है जो बखूबी थाना क्षेत्र में क्या चल रहा है उसका भी सहज अंदाज में लोगों से ही पता लग जाता है जो समाज में सुख शांति के लिये कार्य प्रणाली जानी जाती है ऐसे असाधारण व्यक्तित्व को समेटे हुये सादगी के साथ आम जनता में घुलमिलकर उनकी भलाई के लिये अपराध से दूर बनाते हुये सुख शांति से थाना क्षेत्र में दिशा तय हो यह इनके अंदाज की दास्तायें लोगों के दिलों में जगह बनाती है। आज अजयगढ़ थाना क्षेत्र में ऐसे देश भक्ति जन सेवा का जज्बा लिये हुये बखत सिंह ठाकुर थाना प्रभारी का दायित्व निभाने का जो समय है यह समूचे थाना क्षेत्र के लिये स्वर्णिम समय माना जायेगा।



## छोटे छोटे परिवर्तन कर हम जी सकते हैं तनावमुक्त जीवनः ब्रह्माकुमारी सीता बहन जी

**पन्ना।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय अमानगंज में नवनिर्मित भवन के उद्घाटन के अवसर पर ब्रह्माकुमारी सीता बहन जी ने सभी को संस्था का परिचय एवं गतिविधियों से अवगत कराया। हमें जीवन में मूल्यों को धारण करके मूल्यनिष्ठ समाज का निर्माण करना है। हम सभी अपने जीवन में छो टे - छो टे परिवर्तन कर तनावमुक्त जीवन जी सकते हैं, जब हमारा समय व्यर्थ कर्म एवं व्यर्थ बातों से मुक्त हो जाता है तो हमारा जीवन आनंदमय हो जाता है, जीवन में पवित्रता, शांति, सहनशीलता, ईमानदारी आदि दिव्य गुण धारण कर जीवन को आनंदमय बनाएं। रोज कुछ समय मेडिटेशन के लिए अवश्य निकाले, जैसे हम मोबाइल को चार्ज करने का ध्यान रखते हैं उसी प्रकार अपने मनदृबुद्धि को परमात्मा से जोड़ने से शक्ति का अनुभव करते हैं अपनी आत्मा को पिता परमात्मा से जोड़ना दृ यही है राजयोग मेडिटेशन (ध्यान)। मेडिटेशन करने से हमारी आंतरिक शक्तियों का विकास होता है और जीवन सुख शांति से संपन्न हो जाता है। इस अवसर पर डॉक्टर राजेश वर्मा जी, विधायक ने कार्यक्रम की सराहना की एवं ऐसे ही कार्यक्रम करने के लिए आग्रह किया जो समाज को एक नई सकारात्मक दिशा दे सके। आपने आगे कहा कि अध्यात्म के माध्यम से हम अपनी भारतीय संस्कृति से जुड़े रहते हैं ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से लोग अध्यात्म से जुड़े रहें एवं ज्ञान की गंगा बहती रहे। कार्यक्रम में बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में श्रीमती सारिका जी, नगर परिषद अध्यक्ष, पंडित संपत राय तिवारी जी, पत्रकार, नीरज बडेरिया जी एल आई सी, वीरू चतुर्वेदी जी मंडल अध्यक्ष तथा संस्था से जुड़े हुए सभी भाई बहन एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## छत्रसाल महाविद्यालय में आयोजित होगा ई-बुक्स के उपयोग का प्रशिक्षण



**पन्ना।** जिले के अग्रणी महाविद्यालय छत्रसाल शासकीय स्ना तकोत्तबर महाविद्यालय पन्ना के पुस्ततकालय विभाग द्वारा एक दिवसीय ई-बुक्सस उपयोग हेतु डॉ एस.पी.एस. परमार के निर्देशन में एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. पी.पी.मिश्रा के मार्गदर्शन में दिनांक 02.04.2024 को अपरान्हम 12:00 बजे महाविद्यालय के मुख्य सभागार में आयोजित किया जायेगा। प्रशिक्षण में मुख्यर रूप से महाविद्यालय के ग्रंथपाल श्री विपिन द्वारा एन.आई.सी द्वारा संचालित ई-ग्रंथालय पुस्त कालय सॉफ्टवेयर के माध्यवम से ई-बुक्सि के उपयोग पर प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के पुस्तयकालय प्रभारी डॉ. गुलाब धर एवं समस्ता अधिकारी एवं कर्मचारी तथा विद्यार्थी उपस्थित रहेगें।

## नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष की पहली बार अजयगढ़ पहुंचने पर स्वागत



**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त ज़िलाध्यक्ष आदरणीय ब्रजेंद्र मिश्रा डब्बू भाईसाब का प्रथम अजयगढ़ आगमन पर ज़ोरदार स्वागत हुआ जगह जगह तुलादान मण्डल अध्यक्ष गोविंद कुशवाहा बबलू के नेतृत्व में नगर में कई जगह भाजपा कार्यकर्ताओं ने ज़ोरदार आतिशबाजी कर भाईसब का स्वागत किया। जिसमे मुख्य रूप से मण्डल अध्यक्ष गोविंद बबलू कुशवाहा, हनुमंत प्रताप सिंह, रामबाबू गौतम मण्डल महामंत्री, राजेंद्र खटीक विधानसभा संयोजक, उमेश निगम प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, अमित गुप्ता, सुरेश यादव, मातादीन यादव, मुकुल जड़यिाँ, पंकज धुरिया, रामभुवन मिश्रा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अवध तिवारी सुरेंद्र सिंह मुन्ना यादव संतु मिश्रा कौशल किशोर लोध मनोज प्रताप सिंह रामायण लोध अभिमन्यु सिंह महिला मोर्चा माण्डल अध्यक्ष सीमा तिवारी किरण तिवारी पूजा रायकवार राजेंद्र तिवारी पंकज मिश्रा विजय पटेल धर्मेंद्र नामदेव धर्मेंद्र राजपूत वृंदावन पटेल जयराम पाठक पिछड़ा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विशाल यादव अनिल गुप्ता रामराज यादव राजू यादव रामस्वरूप कुशवाहा घप्पू रजक बबलू मिश्रा बुद्ध विलास बाजपेयी संदीप विश्वकर्मा वीरेंद्र जैन गुड्डु जैन रामचंद्र यादव बाबू सिंह प्रमोद सिंह राजबहादुर चतुरेश सेन गिरजाशंकर खरे जनपद प्रतिनिधि मोहन यादव रवि रावत योगेन्द्र धुरिया रूबल पांडेय नगर परिषद अध्यक्ष सीता गुप्ता धनंजय मिश्रा सीलू श्रीवास्तव व सभी वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुलिस कर्मियों को मिलेगी ईडीसी के जरिए मतदान की सुविधा

**पन्ना।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार पुलिसकर्मियों को भी निर्वाचन कर्त्तव्य प्रमाण पत्र (ईडीसी) के जरिए मतदान करने की सुविधा प्राप्त होगी। निर्वाचन कर्त्तव्य प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदक मतदाता को फार्म 12-क में आवेदन प्रस्तुत करना होगा। मतदाता को आवेदन में अपनी विधानसभा का नाम, मतदान केन्द्र क्रमांक और मतदाता सूची की क्रम संख्या भरना अनिवार्य है। निर्वाचन कर्त्तव्य प्रमाण पत्र उन्हीं पुलिसकर्मियों को जारी किया जाएगा, जिनका नाम खजुराहो संसदीय क्षेत्र की आठ में से किसी एक विधानसभाओं में शामिल होगा। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 12 अप्रैल निर्धारित है। पुलिसकर्मियों द्वारा ईडीसी के लिए आवेदन करने और परीक्षण उपरांत पात्र पाए जाने पर निर्वाचन कर्त्तव्य प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। इस दौरान जिस मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में संबंधित पुलिसकर्मी का नाम है, उसकी चिन्हित प्रति में लाल स्याही से ईडीसी मार्क किया जाएगा। जिससे केवल ईडीसी के माध्यम से ही पुलिसकर्मी मतदान कर सकें। ईडीसी प्रस्तुत करने पर ही मतदान कराया जाना संभव होगा। इस संबंध में सूचित किया गया है कि निर्वाचन ड्यूटी पर जाने वाले पुलिसकर्मियों के आवेदन ही जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रेषित किए जाएं। साथ ही नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर ईडीसी प्राप्त करने और संबंधित पुलिसकर्मियों को वितरण कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को दोहरी मार

**पन्ना।** समय कब कैसे सामने आये यह राजनीति कहां मुकाम तय कर दे इस समय का दौर राजनैतिक रूप से समूचे जिले के साथ-साथ खजुराहो लोकसभा क्षेत्र में विशेषतौर पर कांग्रेस को लेकर जनचर्चा में व्याप्त है। आखिर क्या होगा भविष्य वहीं भाजपा जो दावा करती थी कांग्रेस मुक्त का उसमें अब कांग्रेसियों को अपने आप में समाहित करके स्वयं को कांग्रेसियों को परहेज न करते हुए कांग्रेस युक्त भाजपा का स्वरूप चल पड़ा है। वहीं कांग्रेस पार्टी में जहां इस बार संसदीय लोकसभा क्षेत्र खजुराहो में इंडिया गठबंधन के रूप में सपा को आगे करके चुनावी मैदान में उतारा है स्वयं अपने कार्यकर्ताओं को परवाह न करके सपा की साईकिल में सवारी के रूप में दिशा तय कर दी। जिससे समूचे लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व नेताओं के हालात अब असमंजस भरे हालात में है। वहीं दौर कठिन भाजपा में कांग्रेसियों का लगातार कहीं न कहीं से समाहित होना अब कांग्रेसी विचारधारा भाजपा की विचारधारा में शर्बत की तरह घुलकर अलग ही अंदाज तय करेगें। सबसे पहले तो सिंधिया के साथ कांग्रेस के विधायक व मंत्री भाजपा सरकार में पहुंचकर अपनी जगह तय की वहीं अब मध्यप्रदेश में आये दिन सुर्खियां देखने को मिलती है। कांग्रेसी भाजपा में विश्वास जता रहे है वहीं भाजपा भी इन पर भरोसा मान रही है। हालात अब एक दूसरे से परहेज के नहीं बल्कि जनता के सामने जो एक दूसरे से गुरेज करते थे स्वयं के लिए कोई परहेज नहीं। सत्ता में आने की राह या सत्ता के साथ कारोबार चलते रहे ईडी आदि के भय से बचे रहे साथ ही भाजपा भी गंगा की तरह पवित्र करने का कार्य कांग्रेसियों को मिलाकर उन्हें सुद्धता के रूप में अपनी विचारधारा का पाठ पढ़ाकर आगे कहां तक सफलता दूरगामी समय के लिए तय कर पायेगी। भाजपा में कांग्रेसी बचेगें या फिर भाजपायी क्योंकि दोनों में अब जो कभी कांग्रेसी थे अब भाजापायी हो गये। आगे चलकर क्या होगा यह तो वक्त ही तय करेगा साथ ही मामला चाहे जो हो पर जो कांग्रेसी इस समय अपनी पार्टी में आक्सीजन की तरह जिंदगी की दिशा तय कर रहे है। उनका आगामी समय पांच वर्ष को लेकर क्या मुकाम तय करेगा संघर्ष की दास्ता कहां ले जायेगी समूचे लोकसभा में पार्टी के कार्यकर्ता व नेता कब तक पांच वर्षों में तपस्या के रूप में बचा पायेगें यह भी एक बडा सवाल है। क्योंकि जहां शीर्ष नेतृत्व ने आठों विधानसभाओं में एक भी नेता या कार्यकर्ता कांग्रेस से चुनाव लड़ने लायक नहीं माना गया वहीं भाजपा के भी हाल पीछे नहीं। पिछली बार मुरैना से बी.डी. शर्मा के आने पर पुतले दहन हुए थे वहीं इस बार आठों विधानसभाओ में यानि की छतरपुर, कटनी व पन्ना में कोई भाजापायी नेता लोकसभा चुनाव लडने के लायक नजर नहीं आया। हालात एक जैसे क्षेत्र की राजनीति अब संघर्ष नहीं बल्कि पीछे चलने के हालात क्षेत्र में क्या विकास करेगें जब स्वयं आवाज ही पीछे से ही देने की उचित बन गई है तो संघर्ष किसमें भाजपा हो या कांग्रेस हालात एक जैसे वहीं सपा का अस्तित्व तो मध्यप्रदेश में क्या है वह तो अपनी नई जमीन बनाने के लिए इस अंदाज में राजनीतिक दिशा में जिले का विकास हो या आठों विधानसभाओं का विकास हो कृपा पर ही निर्भर होगा। आने वाला समय स्वयं ही विकास की राह को लेकर मनमर्जी को लेकर जाना जायेगा।

## हिंदू समाज काशी और मथुरा लेकर रहेगा: तोगड़िया

**शहडोल।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण भाई तोगडिय़ा 31 मार्च की शाम मुख्यालय पहुंचे, यहां पर उनका कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि रामजन्म भूमि आंदोलन में प्रवीण तोगड़यिा की अहम भूमिका रही है और वह विश्व हिंदू परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष भी रहे हैं। एक दिवसीय दौरे पर डॉ. प्रवीण तोगड़यिा के पहुंचने पर कार्यकर्ताओं में भारी जोश दिखा। श्री तोगड़यिा ने कहा कि अयोध्या के बाद अब काशी और मथुरा की बारी है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर तो बन गया है, अब हिंदू समाज काशी और मथुरा लेकर रहेगा। उन्होंने कहा कि देश में राम मंदिर निर्माण के कारण बहुत बड़ा परिवर्तन आया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि हमारी 24 घंटे भारत में मदद की व्यवस्था है। हिंदू हेल्प लाइन इसका नाम है, राम मंदिर इतनी जल्दी बना, इस बात पर उन्होंने कहा कि पिछले 32 वर्षो से जो पत्थर तैयार किए जा रहे थे, उनसे यह मंदिर बना। यह मंदिर इसी समय इसलिए बना क्योंकि देश जगा। हिंदू देश में सम्मान से रहेगा, इसके लिए काम करना ही पड़ेगा।



## खबर संक्षेप



### कल से झुलसाएगी भीषण गर्मी

**छतरपुर।** आंधी, पानी और बादलों के छटने के बाद अब जिले में भीषण गर्मी का दौर शुरू होने वाला है। यह दौर 3 अप्रैल से लगभग 15 दिन तक चलेगा। पारा 45 डिग्री के पार जाने की संभावना है। भीषण गर्मी के कारण 3 अप्रैल के बाद लोगों का दिन में निकलना मुश्किल हो सकता है। क्योंकि मौसम विभाग के मुताबिक इस वर्ष दिन का तापमान 45 डिग्री से 48 डिग्री तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग में पदस्थ आरएस परिहार ने बताया कि अब तक आंधी, पानी और बादलों के कारण कुछ राहत रही लेकिन अब यह राहत खत्म होने वाली है। हालांकि सोमवार को भी हल्के बादलों के कारण दिन का तापमान 37.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात का तापमान 20.2 डिग्री सेल्सियस था।

इस बार 2400 रूपए क्विंटल पर हो रही गेहूं खरीदी

### जिले में 80 केन्द्र बनाए गए, 1.80 लाख टन खरीदी का लक्ष्य



**छतरपुर।** खेतों में किसानों की फसलें लगभग कट चुकी हैं और अब धीरे-धीरे ये फसल बाजार पहुंच रही है। जो किसान इस फसल को सरकारी खरीद केन्द्रों में बेचना चाह रहे हैं उन्हें शासन के द्वारा इस वर्ष लगभग 2400 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से गेहूं की फसल का भुगतान किया जाएगा। जिले भर में रबी की फसल खरीदने के लिए 80 खरीद केन्द्र बनाए गए हैं। 29 मार्च से शुरू हुई अनाज खरीदी 5 मई 2024 तक चलेगी। जिला आपूर्ति अधिकारी सीताराम कोठारे ने बताया कि जिले में 36 हजार किसानों के पंजीयन करा लिए गए हैं। इस वर्ष एक लाख 80 हजार टन गेहूं खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 है जबकि मप्र सरकार 125 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से बोनस देगी। इस तरह किसानों को लगभग 2400 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से गेहूं का भुगतान किया जाएगा। इसी तरह चना 5440 रूपए प्रति क्विंटल, सरसों 5650 रूपए प्रति क्विंटल और मसूर 6425 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदी जाएगी।

### दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे, चार घायल

# बच्चों के झगड़े को लेकर उलझ गए परिवार के सदस्य

**छतरपुर।** जिले के थाना क्षेत्र गोयरा के ग्राम पुरवा में कुछ बच्चों के बीच खेलते वक्त विवाद हो गया था और इसी मामूली विवाद को लेकर बच्चों के परिजन आपस में उलझ गए। विवाद इतना बढ़ा कि बात मारपीट तक पहुंच गई और दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले।

उक्त घटना में दोनों पक्षों के 4 लोग घायल हुए हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गोयरा पुरवा निवासी राम सिंह यादव और इंद्रपाल लोधी के बच्चे एक साथ खेल रहे थे। खेलने के दौरान बच्चों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। बच्चों के इसी झगड़े को लेकर राम सिंह यादव और इंद्रपाल लोधी के बीच विवाद शुरु हो गया और बाद में लाठी-डंडे चल गए। मारपीट में राम सिंह यादव के साथ उसके पक्ष का मुन्नी यादव उम्र 52 वर्ष घायल हुआ हैं। वहीं इंद्रपाल लोधी उम्र 35 वर्ष के साथ उसके पक्ष की ज्योति लोधी उम्र 40 वर्ष घायल हुई हैं। सभी घायलों ने पहले थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई और इसके बाद उन्हें चंदला के अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है।



# बैठक में अध्यक्ष ने की कार्यकारिणी घोषित सुशील द्विवेदी को युवा ब्राम्हण समाज का दायित्व

### ब्राम्हण समाज का होली मिलन समारोह संपन्न



**नौगांव।** शहर के ब्राम्हण समाज भवन में रविवार को समाज की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ब्राम्हण समाज के द्वारा एक दूसरे को रंग लगाकर होली मिलन समारोह भी आयोजित किया गया। बैठक में समाज अध्यक्ष ने कार्यकारिणी घोषित करने के साथ ही युवा ब्राम्हण अध्यक्ष का दायित्व सुशील पटेरिया को सौंपा है। नगर नौगांव के ब्राह्मण समाज के नव नियुक्त ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पंडित अरुण चतुर्वेदी के नेतृत्व में पहली बैठक बिलहरी रोड स्थित ब्राम्हण समाज भवन में दोपहर 1 बजे आयोजित की गई । बैठक के पूर्व भगवान परशुराम का अध्यक्ष द्वारा पूजन अर्चन कर आरती की गई। इसके पश्चात अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी द्वारा कार्यकारिणी घोषित की गई, जिसमें उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष, कार्यालय प्रभारी, प्रवक्ता, मीडिया प्रभारी, सभापति, सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य एवं राजनीतिक जनप्रतिनिधियों को शामिल किया गया। साथ ही सर्व सम्मति से पंडित सुशील द्विवेदी को ब्राह्मण समाज का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। समाज को संगठित करने और 10 मई को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाने पर भी चर्चा एवं विचार विमर्श हुआ। बैठक में ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नागरिक, युवा शामिल हुए बैठक के समापन पर सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और प्रसाद वितरण किया गया। परशुराम जन्मोत्सव के लिए आगामी 7 अप्रैल और रविवार को शाम 5 बजे ब्राह्मण समाज भवन बिलहरी रोड पर बैठक आयोजित की जाएगी।



## नंदीबाला मंदिर में खेली गई फूलों की होली

### सनातन धर्म सेवा समिति ने आयोजित किया होली महोत्सव

**छतरपुर।** शहर के ग्वाल मंगरा तालाब के समीप स्थित प्राचीन नंदीबाला मंदिर में बीती शाम होली महोत्सव का अभूतपूर्व आयोजन किया गया। सनातन धर्म सेवा समिति के अध्यक्ष पंडित सौरभ तिवारी ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी इंद्रधनुषीय रंगों के पावन पर्व होली के उपलक्ष्य में सायं 7 बजे से नंदीबाला मंदिर में भव्य होली महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें राधा-कृष्ण की सजीव झांकी सजाकर फूलों से होली खेली गई। इसके साथ ही पारंपरिक होली भजनों व बुंदेली फागों के गायन का रंगारंग कार्यक्रम हुआ। बुन्देली कलाकार राम सिंह राय और नीलम तिवारी ने बुन्देली फागों की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विष्णुदत्त चतुर्वेदी, मुन्ना तिवारी, दृगेंद्र देव सिंह, देवेंद्र अनुरागी सहित सनातन धर्म सेवा समिति व नंदीबाला मंदिर पब्लिक ट्रस्ट के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी बंधु, माताएं बहिनें उपस्थित रहीं।

## शराब दुकान के बाहर महिलाओं ने दिया धरना

### कहा- गांव के भीतर नहीं बिकने देंगे शराब

**छतरपुर।** बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम गंज में सोमवार की सुबह गांव की आधा सैकड़ा से अधिक महिलाएं शराब दुकान के बाहर धरने पर बैठक गईं। महिलाओं का कहना था कि अब से वे गांव में शराब का विक्रय नहीं होने देंगी। दरअसल गांव में शराब दुकान होने के कारण ज्यादातर लोग शराब का नशा करते हैं और उनकी इस आदत का खामियाजा महिलाओं को भुगतना पड़ता है, इसी के चलते महिलाओं में शराब दुकान के प्रति नाराजगी थी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक 1 अप्रैल से गांव में शराब ठेके के नए अनुबंध के तहत दुकान खुलना थी, जब यह जानकारी गांव की महिलाओं तक पहुंची तो उनका गुस्सा फूट पड़ा और महिलाएं एकजुट होकर दुकान के बाहर धरने पर बैठ गईं। महिलाओं ने स्पष्ट तौर पर कहा कि अब से वे गांव में न तो अवैध तरीके से शराब का विक्रय होने देंगी और न ही वैध दुकान को संचालित होने देंगी। गौरतलब है कि ग्राम गंज में जिस स्थान पर शराब दुकान हैं वहां से दिन भर गांव की महिलाओं को निकलना पड़ता है। मार्ग के बीचों-बीच शराब दुकान होने के कारण दिन भर यहां शराबियों का जमावड़ा रहता है जिस कारण से भी महिलाओं को परेशानी होती है। इसके अलावा शराब के मद में चूर होकर कई लोग गाली-गलौज और लड़ाई झगड़ा करते हैं। इन्हीं सब बिंदुओं को लेकर महिलाएं अपनी मांग पर अड़ी रहीं और उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शराब दुकान खेली तो वे उग्र प्रदर्शन के लिए बाध्य हो जाएंगी।



### करारागंज की महिलाओं ने भी किया प्रदर्शन

दूसरी ओर अलीपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम करारागंज में भी महिलाओं द्वारा शराब दुकान खोले जाने का विरोध किया गया। यहां की महिलाओं ने भी गांव में शराब दुकान खोले का विरोध किया और घंटों तक नारेबाजी करती रहीं। गांव की दर्जनों महिलाएं अपना काम छोड़कर इस मुहिम से जुड़ गईं। महिलाओं का कहना था कि शराब का विक्रय होने से हमारे घरों के पुरुषों के साथ-साथ बच्चे भी नशे के आदि हो रहे हैं और गांव में आपराधिक घटनाएं भी बढ़ गई हैं।

# 250 करोड़ की आबकारी विभाग ने 7 समूह में आवंटित की शराब दुकानें

**छतरपुर।** जिले में एक अप्रैल 2024 से नए शराब ठेके आवंटित कर दिए गए हैं। 7 समूह के अंतर्गत जिले भर की 93 कम्पोजिट दुकानें 6 अलग-अलग कंपनियों को आवंटित हुई हैं। आबकारी विभाग ने छोटे और मझोले शराब ठेकेदारों के द्वारा फीस दिए जाने में की जाने वाली आनाकानी से परेशान होकर इस बार नए फार्मेट पर शराब दुकानों को आवंटित किया है। पहले जिले की 93 दुकानें 23 समूह के अंतर्गत आवंटित होती थीं लेकिन अब 7 समूह के अंतर्गत ही सभी दुकानें आवंटित की गई हैं। अब आबकारी विभाग को 7 समूह के लिए कुल 6 ठेकेदारों से ही लाईसेंस फीस जमा करानी है। ये ठेके नवीनीकरण पद्धति से हुए हैं। हालांकि पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष आबकारी विभाग का राजस्व लगभग 2 करोड़ रूपए घटा है। पिछले साल जहां सभी दुकानें 252 करोड़ रूपए में आवंटित हुई थीं तो वहीं इस बार जिले के शराबी लगभग 250 करोड़ रूपए की शराब पीएंगे।



### कहां किसको ठेका, कितना महंगा -

आबकारी विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक बड़ामलहरा समूह का ठेका सुनीता राय के नाम पर गया है। उन्होंने 42 करोड़ 42 लाख रूपए में यह ठेका प्राप्त किया है। छतरपुर समूह क्रमांक 2 और लवकुशनगर समूह की अधिकांश दुकानें महाकाल एसोसिएट संटू पाण्डेय के द्वारा ली गई हैं। छतरपुर समूह 36 करोड़ 55 लाख और लवकुशनगर समूह 34 करोड़ 55 लाख रूपए में आवंटित हुआ है। इसी तरह छतरपुर का समूह क्रमांक 1 शिवम मिश्रा के द्वारा लिया गया है जो कि 33 करोड़ 59 लाख रूपए में आवंटित हुआ है। खजुराहो समूह मेसर्स स्मृति एसोसिएट्स के द्वारा लिया गया है जो कि 38 करोड़ 58 लाख रूपए में आवंटित हुआ है। नौगांव समूह आईस ओल्ड ट्रेडर्स के नाम पर 31 करोड़ 73 लाख में आवंटित हुआ है। इसी तरह बिजावर समूह बालाजी इंटरप्राइजेज के नाम पर 24 करोड़ 92 हजार में आवंटित हुआ है।

### सस्ती शराब के लिए दुकानों पर लगी कतारें

31 मार्च को पिछले शराब ठेके खत्म होने वाले थे इसलिए पुराने ठेकेदारों ने अपना स्टॉक खत्म करने के लिए मार्च के आखिरी सप्ताह में शराब के दामों में काफी गिरावट कर दी थी। 31 मार्च को तो आधे से कम रेट पर ही शराब की बोतलें बेची गईं। इन्हें खरीदने के लिए शराब के ठेके पर सुबह से रात तक शराबियों का जमघट लगा रहा। शराबियों ने सस्ती शराब के चक्कर में एक-एक पेटी से ज्यादा शराब खरीदकर जमा कर ली।

### इनका कहना है -

छोटे ठेकेदार लाईसेंस फीस के लिए परेशान करते थे इसलिए हमें पिछले साल की लाईसेंस फीस अभी तक जमा करानी पड़ रही है। इसलिए इस बार दुकानों को बड़े समूहों में विभाजित किया गया है। लगभग 250 करोड़ रूपए की राजस्व आय छतरपुर जिले से इस वर्ष होगी।

**बीआर वैद्य**
**आबकारी अधिकारी**
**छतरपुर**

## भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आगाज



**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर में कुलगुरु प्रो. शुभा तिवारी के मार्गदर्शन में 'भारतीय ज्ञान परंपराः शिक्षा, ज्ञान ,विज्ञान और जीवन विज्ञान विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ एक अप्रेल सोमवार को समारोहपूर्वक हुआ।यह राष्ट्रीय संगोष्ठी यूटीडी के समाजशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित की जा रही है, जिसका समापन आज 2 अप्रेल को होगा।

यूनिवर्सिटी के जेसी बोस हाल में दो दिवसीय सेमीनार के पहले दिन एक अप्रैल को पूर्वान्ह इस राष्ट्रीय सेमीनार का उद्घाटन प्रो.अविनाश तिवारी, कुलगुरू जीवाजी यूनिवर्सिटी, ग्वालियर के मुख्य आतिथ्य एवं प्रो शुभा तिवारी कुलगुरु, एमसीबीयू, छतरपुर की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। सेमीनार के इस सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो एडी शर्मा डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर, कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल एवं आयोजन प्रभारी डा ममता बाजपेई मंचासीन रहे। मीडिया समिति के संयोजक डा एसपी जैन एवं सदस्य पूजा तिवारी के मुताबिक मुख्य अतिथि डा अविनाश तिवारी, कुलगुरु, जीवाजी यूनिवर्सिटी, ग्वालियर ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति और भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर संबंध पर प्रकाश डाला।सीखना एवं शिक्षण प्रक्रिया के बीच अंतर समझाते हुए अपने व्यक्तिगत जीवन से जुड़े अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए। आपने कहा कि हमारी शिक्षण पद्धति गुरुकुल परंपरा से शिक्षक छात्र परपंरा में बदल गई है।

की - नोट स्पीकर प्रो एडी शर्मा, डा हरीसिंह गौर यूनिवर्सिटी, सागर ने अपने उद्बोधन में कहा कि जाति, धर्म ,ज्ञान की अस्मिता से अनभिज्ञ थे।अग्रेजों ने एक नया वर्ग स्थापित किया।ऐसा माना जाने लगा कि ज्ञान की सारी जड़ें पश्चिम में हैं।देव से देश तक और राम से राष्ट्र तक भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रतीक है।आज भारत को शक्ति बढ़ रही है, आर्थिक तथा राजनैतिक ताकत के रूप में उभर रहा है, इसके साथ हम अपनी भारतीय ज्ञान परंपरा से भी गहराई से जुड़ें।देश में अंग्रेजों ने मंदिर के प्रति आस्था को तोड़ा, हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा को तोड़ा।

उद्घाटन सत्र के पश्चात प्रथम तकनीकि सत्र प्रारंभ हुआ, इस सत्र में वैश्विक ज्ञान परंपराओं में साहित्यिक और कलात्मक अभिव्यक्ति तुलनात्मक अध्ययन विषय पर प्रो ओमप्रकाश सिंह जेएनयू, दिल्ली ने प्रकाश डाला। द्वितीय तकनीकि में 'वैदिक परम्परा और शिक्षा विषय पर वक्ताद्वय प्रो संतोष कुमार शुक्ला जेएनयू दिल्ली तथा डॉ किरण आर्या डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के व्याख्यान के साथ साथ अन्य विद्वानों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। प्रो संतोष शुक्ला जेएनयू, दिल्ली ने अपने उद्बोधन में भारतीय ज्ञान परम्परा की तुलना यूरोपीय ज्ञान परम्परा से की। उन्होंने कहा कि आवश्यकता हमें अपने वैदिक ज्ञान, परम्परा और गौरव को पहचानने की है। भारतीय गुरुकल परम्परा पर विस्तार से चर्चा की। डा किरण आर्या ने अपने व्याख्यान में कहा कि अगर हमें अपने मस्तिष्क को सेट करना है तो भारतीय ज्ञान परम्परा को समझना होगा और वैदिक परंपरा की और लौटना होगा। पहले शिक्षा का उद्देश्य मोक्ष प्राप्ति था।

## अवैध हथियारों के साथ पकड़े गए दो युवक

**बमीठा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में संपूर्ण जिले में चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत बीते बमीठा पुलिस ने दो युवकों को अवैध हथियारों के साथ अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। बमीठा थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पक शर्मा ने बताया कि सोमवार की सुबह गश्त के दौरान पुलिस टीम को एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा और तलाशी लेने पर उसके पास 315 बोर का देशी कट्टा मिला, जिसमें एक कारतूस भी लोड था। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम रामपाल कुशवाहा पिता महेश कुशवाहा उम्र 20 साल निवासी ग्राम गढ़ा बताया, उसके विरुद्ध धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का मामला पंजीबद्ध किया गया है। दूसरे आरोपी को भी पुलिस ने रोड पेट्रोलिंग के दौरान पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम भरत साहू पिता मइयादीन साहू उम्र 20 साल निवासी ग्राम पारवा थाना सटई जिला छतरपुर बताया। उसके कब्जे से लोहे का धारदार बका मिला है। आरोपी के विरुद्ध धारा 25 (1) बी के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।



## रामालय का भव्य शुभारंभ आज

### रामनवमीं की तैयारियों में जुटेंगे रामभक्त

**छतरपुर।** आगामी रामनवमीं पर्व को लेकर आज से रामभक्त तैयारियों में जुटेंगे और इसके साथ ही रामचरितमानस भवन गल्लामंडी छतरपुर में रामालय (आयोजन कार्यालय) का भव्य शुभारंभ होगा। श्रीराम सेवा समिति के मीडिया प्रभारी एडवोकेट अभिलेख खरे ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमीं महोत्सव का ऐतिहासिक आयोजन छतरपुर में किया जा रहा है। आयोजन की तैयारियों का आगाज होगा। उससे पहले रामचरितमानस भवन गल्लामंडी में आयोजन समिति के कार्यालय यानि की रामालय का संतों की मौजूदगी में शुभारंभ किया जाएगा। समिति के संयोजक राकेश तिवारी एवं कार्यक्रम संयोजक पंकज पहारिया ने शहरवासियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## श्री कृष्णा विश्वविद्यालय की महिला इकाई विशेष शिविर का आयोजन

**छतरपुर।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई दो (महिला ईकाई) का विशेष शिविर कार्यक्रम अधिकारी वर्षा यादव के निर्देशन में 31 मार्च से 6 अप्रैल तक विश्वविद्यालय परिसर में लगाया जा रहा है। विशेष शिविर के आज दूसरे दिन परिसर की सफाई करते हुए छात्राओं ने श्रमदान किया। इसके तत्पश्चात एक बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के सलाहकार डॉ.वी.एस राजपूत एवं विशिष्ट अतिथि हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार तिवारी रहे।मुख्य अतिथि डॉ. वी एस राजपूत ने अपने उद्बोद्धन में कहा कि व्यक्ति को उसके समाज के प्रति दायित्व से अवगत कराने का कार्य राष्ट्रीय सेवा योजना कराता है। इसमें शामिल होने से व्यक्ति का बौद्धिक विकास के साथ-साथ चरित्र उत्थान भी होता है। राष्ट्रीय सेवा योजना से संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास होता है और इससे सामूहिकता का महत्व पता चलता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. आशीष कुमार तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना में भाग लेने वाले विद्यार्थी, समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज के हित के कार्य करते है। विद्यार्थी जीवन से ही समाजपयोगी कार्यों में रत रहने से उनमें समाज सेवा व राष्ट्र सेवा के गुणो का विकास होता है। साक्षरता, पर्यावरण सुरक्षा, स्वास्थ्य से सम्बन्धित जगरूकता रैली निकालकर सब को जागृत करते है। और आपातकालीन के समय में लोगों की सहायता कर राष्ट्र एवं समाजसेवा में अपना अमूल्य योगदान भी देते है। राष्ट्रीय सेवा योजना महिला कार्यक्रम अधिकारी वर्षा यादव ने कहा कि एनएस एस विद्यार्थियों के आत्मविश्वास में भी वृद्धि तो होती ही है बल्कि यह जमीनी स्तर पर लोगों से जुडने का मौका प्रदान करता है जिससे उन्हें लोगों की वास्तविक परेशानियों का पता चलता है। एनएसएस विद्यार्थी के जीवन में उमंग उत्साह का संचार करता है। एनएसएस समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास करता है इस अवसर पर इकाई दो के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे । विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, डॉ. बृजेन्द्र सिंह गौतम, चैयरमेन डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह गौतम, कुलपति डॉ. अनिल कुमार धगट, उपकुलपति गिरीश त्रिपाठी, कुलसचिव विजय सिंह ने विशेष शिविर के सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयं सेवी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाऐं प्रेषित कीं।

खबर संक्षेप

## नैपाल सिंह जिला सचिव मनोनीत



**रीवा।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा रीवा के उप प्रांताध्यक्ष एवम्-जिलाध्यक्ष के.सी. त्रिपाठी ने संघ में निहित प्रावधानानुसार जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए रिक्त पद के अधीन नैपाल सिंह को जिला सचिव का अतिरिक्त दायित्व सौंपा गया है। श्री सिंह संघ में पहले से ही संयोजक महाविद्यालयीन प्रकोष्ठ नियुक्त थे। संघ के संरक्षक मोतीलाल शर्मा,संभागीय अध्यक्ष धर्मपाल पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष त्रिवेणी शुक्ला,तहसील अध्यक्ष सुरेश सिंह, मनोज शर्मा,गोरेलाल तिवारी,उपाध्यक्ष छोटेलाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोरंजन यादव,सह कोषाध्यक्ष रामजी विश्वकर्मा, अजय सिंह, रामदरश तिवारी,रामदयाल विश्वकर्मा,कमला दुबे,रेनू गुप्ता सहित जिले के अनेकों कर्मचारियो ने बधाई दी है।

## मतदाता जागरूकता के लिए 3 अप्रैल को होगी मैराथन दौड़

**रीवा।** लोकसभा चुनाव में रीवा संसदीय क्षेत्र में प्रत्येक मतदाता की भागेदारी सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मैराथन दौड़ 3 अप्रैल को शाम 5 बजे स्पोर्टस काम्पलेक्स से प्रारंभ होकर विश्वविद्यालय रोड होते हुए कालेज चौराहा, शिल्पी प्लाजा, सांई मंदिर, गायत्री मंदिर से पुलिस कंट्रोल रूम में समाप्त होगी। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को मैराथन के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी।

## निर्वाचन कार्य का प्रशिक्षण 3 अप्रैल से

**रीवा।** लोकसभा चुनाव के लिए रीवा संसदीय क्षेत्र में मतदान की तिथि 26 अप्रैल निर्धारित की गयी है। मतदान दल में शामिल पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों को निर्वाचन कार्य का प्रशिक्षण 3 अप्रैल एवं 4 अप्रैल को दिया जायेगा। इस प्रशिक्षण में विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में मतदान केन्द्र में तैनात होने वाले कर्मचारी भी शामिल होंगे। इस संबंध में प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि प्रशिक्षण शासकीय टीआरएस कालेज रीवा, शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय रीवा एवं शासकीय विधि महाविद्यालय रीवा में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण दोनों दिवसों में दो पालियों में आयोजित होगा। प्रथम पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तथा दूसरी पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक प्रशिक्षण होगा।

## मुख्यमंत्री की चुनावी जनसभा आज, सुबह 8 बजे जनता को करेंगे सम्बोधित

**रीवा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 2 अप्रैल को सुबह रीवा पहुंच रहे हैं। विशेष वायुयान से रीवा एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां से कोठी कम्पाउण्ड स्थित चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। तत्पश्चात कोठी कम्पाउण्ड से रथ में शिल्पी प्लाजा होते हुए मार्तण्ड स्कूल होकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर भाजपा लोकसभा प्रत्याशी सांसद जनार्दन मिश्रा का नामांकन दाखिल कराएंगे। मुख्यमंत्री के रीवा आगमन पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री रीवा विधायक राजेन्द्र शुक्ला, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विधायक गिरीश गौतम, नागेन्द्र सिंह, दिव्यराज सिंह, प्रदीप पटेल, सिद्धार्थ तिवारी, इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, श्यामलाल द्विवेदी, पंचूलाल प्रजापति, पन्नाबाई प्रजापति, भाजपा प्रदेश मंत्री राजेश पाण्डेय, लोकसभा प्रभारी रामलाल रौतेल, लोकसभा संयोजक प्रबोध व्यास, रीवा भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह, मउगंज जिलाध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र मिश्रा, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अनिल पटेल, प्रदेश कार्यसमिति वीरेन्द्र गुप्ता, प्रज्ञा त्रिपाठी, ममता गुप्ता, नगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश पाण्डेय, वरिष्ठ नेता कमलेश्वर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष विद्या प्रकाश श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने रीवा संसदीय क्षेत्र के सभी पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से मुख्यमंत्री की चुनावी जनसभा में उपस्थित होने की अपील की है।

**गेहूं की कटाई करने खेत गई महिलाओं पर मधुमुखियों ने अचानक हमला कर दिया**

# मधुमक्खियां ने किया जानलेवा हमला एक महिला की नदी में गिरने से मौत



**मऊगंज**

जिले में गेहूं की कटाई करने खेत गई महिलाओं पर मधुमुखियों ने अचानक हमला कर दिया मधुमक्खियां से बचने के लिए महिलाओं ने दौड़ लगा दी.भागते समय एक महिला का पैर फिसलने से वह नदी मे गिर गई,आसपास के लोगो ने नदी से निकालकर महिला को अस्पताल लाया पर डॉक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया.यह दर्दनाक हादसा मऊगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मुदरिया चौबान गांव स्थित सेलार नदी में घटित हुई है।मुदरिया चौबान गाव निवासी महिला अनीता साकेत पत्नी गोरेलाल साकेत उम्र 28 वर्ष जो अपने परिबार की अन्य तीन महिलाओं के साथ सेलार नदी के समीप स्थित खेत मे गेहू की कटाई करने गई थी.घर लौटते समय पेड़ मे लगी मधुमक्खियां ने अचानक महिलाओं पर हमला बोल दिया. महिलाएं जान बचाकर भागने लगी भागते समय अनीता साकेत का पैर फिसल गया और वह सेलार नदी के गहरे पानी में समा गई।अन्य महिलाओं ने हल्ला गोहार मचाया तो ग्रामीणों ने पहुंचकर महिला को नदी से बाहर निकाल पर तबतक महिला की मौत हो चुकी थी।

## इंजीनियरिंग कॉलेज की दो ब्रांच को मिला एनबीए एक्रिडिटिएशन, तीन साल रहेगा मान्य




**रीवा।** उच्च शिक्षा विभाग में सरकारी कालेजों का जिस तरह से नैक मूल्यांकन होता है, ठीक उसी तर्ज पर तकनीकी कालेजों में एनबीए मूल्यांकन की प्रक्रिया को पूरा किया जाता है। एनबीए मुख्यालय दिल्ली द्वारा संभागीय मुख्यालय में संचालित होने वाले शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज की दो ब्रांच को एनबीए एक्रिडिटिएशन दिया गया है। शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ बीके अग्रवाल ने बताया कि दूसरी बार कालेज की दो ब्रांच को यह सौगात मिली है। उन्होंने बताया कि साल 2021 में कालेज की सिविल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रीकल ब्रांच को यह सौगात मिली थी। लेकिन उसके बाद इलेक्ट्रीकल ब्रांच के एचओडी सेवानिवृत्त हो गए और शासन ने रिक्त पद पर पदस्थापना नहीं की। प्राचार्य ने बताया कि हमने तीनों ब्रांच के लिए दोबारा आवेदन किया था लेकिन मुख्यालय दिल्ली ने दो के लिए अनुमति प्रदान की। उन्होंने बताया कि बीते नौ मार्च को एनबीए की दो सदस्यीय टीम ने कालेज पहुंच कर सिविल और मैकेनिकल विभाग का निरीक्षण किया। शैक्षणिक व्यवस्था के साथ साथ टीम के सदस्यों ने लैब सहित अन्य व्यवस्था का भौतिक सत्यापन किया। टीम ने अपनी निरीक्षण रिपोर्ट एनबीए मुख्यालय दिल्ली को सौंपी, जहां से 27 मार्च को मेल आया कि शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज की सिविल और मैकेनिकल ब्रांच को एनबीए एक्रिडिटिएशन प्रदान किया गया है। प्राचार्य ने बताया कि यह सौगात मार्च 2027 तक कायम रहेगी, इसके बाद पुनः आवेदन करने के बाद टीम निरीक्षण करने के लिए कालेज आएगी। सिविल और मैकेनिकल ब्रांच की डिग्री में एनबीए एक्रिडिटिएशन का उल्लेख रहेगा और यह डिग्री विश्व के 54 देशों में मान्य होगी। उन्होंने बताया कि कैंपस सलेक्शन के दौरान बड़ी कंपनियां कालेज के छात्र छात्राओं को महत्व देंगी। इस सौगात के बाद शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज रीवा को विकास के लिए एआईसीटीई से अतिरिक्त अनुदान मिलेगा।

## वित्तीय वर्ष 2023-24 में कोयला उत्पादन, प्रेषण व अधिभार हटाव में एनसीएल का अद्वितीय प्रदर्शन



**सभी भौतिक पैमानों पर एनसीएल ने अर्जित की लक्ष्य से अधिक सफलता**

**सिंगरौली।** रविवार को भारत सरकार की मिनिरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने वित्त वर्ष 2023-24 के कोयला उत्पादन, प्रेषण एवं अधिभार हटाव के निर्धारित लक्ष्यों को समय रहते पूरा कर अद्वितीय प्रदर्शन किया है।

कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 के निर्धारित कोयला उत्पादन व प्रेषण लक्ष्य (135 मिलियन टन) के सापेक्ष वित्त वर्ष की समाप्ति पर 136.15 मिलियन टन कोयला उत्पादन और 137.63 मिलियन टन कोयला प्रेषण किया है। इतना ही नहीं एनसीएल ने राष्ट्र की ऊर्जा आकांक्षाओं की पूर्ति हेतु 122.23 मिलियन टन कोयला वित्त वर्ष 2023–24 में बिजली घरों को भेजा है । साथ ही 15.4 मिलियन टन कोयला गैर बिजली क्षेत्रों को भी भेजा है।

इस शानदार उपलब्धि पर सीएमडी एनसीएल श्री बी. साईराम व निदेशक (कार्मिक) श्री मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) श्री रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री जितेन्द्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) श्री सुनील प्रसाद सिंह व सीवीओ श्री रविन्द्र प्रसाद ने एनसीएल टीम को बधाई दी है। उन्होंने कंपनी की इस सफलता का श्रेय एनसीएल टीम की मेहनत व राष्ट्र की ऊर्जा जरूरतों के प्रति उनके अटूट समर्पण को देते हुए कहा कि भविष्य में भी टीम एनसीएल ऐसी नई उपलब्धियां हासिल करती रहेगी।

इसी क्रम में एनसीएल ने हरित कोयला प्रेषण की दिशा में कार्य करते हुए 58.72 मिलियन टन कोयला रेलमार्ग, 53.59 मिलियन टन कोयला एमजीआर एवं 2.68 मिलियन टन कोयला बीपीसी के माध्यम से प्रेषित किया है। इस तरह से कंपनी ने 84% कोयला पर्यावरण अनुकूल विधियों के माध्यम से प्रेषित किया है

अधिभार हटाव में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए एनसीएल ने निर्धारित लक्ष्य से 54.56 मिलियन क्यूबिक मीटर अधिक अधिभार हटाकर नया रिकार्ड स्थापित किया है। कंपनी ने इस वर्ष अधिभार हटाव लक्ष्य 459 मिलियन क्यूबिक मीटर को पार कर 513.56 मिलियन क्यूबिक मीटर अधिभार हटाया है जिसमें से 119.93 मिलियन क्यूबिक मीटर अधिभार विभागीय माध्यम से हटाया गया है।

# मुख्यमंत्री का आगमन आज यातायात व्यवस्था में रहेगा बदलाव

रीवा। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का नगर आगमन मंगलवार को हो रहा है। वे लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा का नामांकन दाखिल कराने के बाद आम सभा को संबोधित करेंगे।

मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए यातायात पुलिस द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक बदलाव किया गया है, जिससे आम जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े। यातायात थाना प्रभारी अनिमा शर्मा ने बताया कि मंगलवार को शहर के धोबिया टंकी से जयस्तंभ चौक की तरफ जाने वाला ट्राफिक अस्पताल चौक, प्रकाश चौराहा, स्टेच्यू चौराहा होते हुए बड़ी पुल की ओर जा सकेगा। जबकि धोबिया टंकी से सिरमौर चौक की ओर जाने वाला ट्राफिक अस्पताल चौराहा, अमहिया रोड होकर सिरमौर चौक से गुजरेगा। इसी तरह ढेकहा तिराहे की ओर से आने वाले आटो वाहन वेंकट तिराहा, स्टेचू चौक, प्रकाश चौराहा, अस्पताल चौक से धोबिया टंकी, सिरमौर चौक की ओर जा सकेंगे। पुलिस ने बताया कि चोरहटा बायपास से आने वाले बस एवं आटो वाहन एजी कॉलेज मोड, बडी पुल, वेंकट तिराहा होकर क्रमशः बस स्टैण्ड एवं स्टेचू चौक, अस्पताल चौक से धोबिया टंकी की ओर जा सकेंगे। कार्यक्रम स्थल मे आने वाले बडे वाहन (बस) के लिये पार्किंग लाडली लक्ष्मी मार्ग मे एवं छोटे वाहन (कार एवं मो०सा०) के लिये मानस भवन मे निर्धारित किया गया है। समान बस स्टैण्ड से सतना की ओर जाने वाली बसें रतहरा होकर बायपास का प्रयोगकर सतना जा सकेंगी।

## सरई पुलिस द्वारा किशोरी बालिका के साथ बदसलूकी करने वाले व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देशन में अ0पु0अ0सिंगरौली श्री शिव कुमार वर्मा व अ0अ0पु0 देवसर श्री राहुल कुमार सैयाम के मार्गदर्शन में थाना सरई को मिली बड़ी सफलता। 16 वर्षीय किशोरी बालिका के साथ छेडछाड करने वाला व्यक्ति को सरई पुलिस ने चंद घंटे मे किया। 30.03.2024 को पीडिता द्वारा रिपोर्ट लेख कराई कि दिनाकं 19/03/2024 को शासकीय उ.मा. वि.बरका से परीक्षा के उपरांत वापस गृह ग्राम जाते समय रास्ते मे अकेली पाकर आरोपी महाबली सिंह पिता जगमोहन सिंह निवासी पीपरखाड द्वारा बुरी नियत से छेडछाड करने लगा, हल्ला गोहार करने पर आसपास के लोग आये तब तक आरोपी मौके से भाग गया । पीडिता की रिपोर्ट पर अप.क्र. 401/2024 धारा 354 ताहि. 7/8 पाक्सो एक्ट के तहत मामला पंजीबध्द कर विवेचना मे ली गई । वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह द्वारा गठित पुलिस टीम द्वारा दिनांक 31/03/2024 को आरोपी महाबली सिंह पिता जगमोहन सिंह उम्र 19 वर्ष निवासी पीपरखाड को उसके निवास ग्राम के आसपास घेराबंदी कर चंद घंटे मे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेजा गया । निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह, उनि बालेन्द्र त्यागी, उनि प्रियंका सिंह, प्र.आर. माधव प्रताप सिंह, आर.लोकेन्द्र सिंह, मनीष ठाकुर, म.आर.किरण की महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया



**रीवा ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान में भागीदारी सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। जिले में स्वीप गतिविधि के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय रीवा में दीवार लेखन कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। त्योंथर विकासखण्ड के कोटरा खुर्द में महिलाओं को शपथ दिलाई गयी। शासकीय महाविद्यालय गोविंदगढ़ एवं सिरमौर महाविद्यालय में छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता के बारे में बताया गया। मऊगंज जिले के बहेराडाबर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की महिला सदस्यों ने रैली निकालकर ग्रामीणजनों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में मतदाता जागरूकता रथ द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गाली देने वाले को पार्टी ने पैसे से बेचा लोकसभा का टिकट: भगत शुक्ला

**रीवा।** अपनी जिंदगी के 40 साल कांग्रेस के लिए न्यौछावर करने वाले पूर्व जिला ग्रामीण अध्यक्ष त्रियुगीनारायण शुक्ला ने पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी नेतृत्वहीन हो चुकी है। रीवा लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी ने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा करते हुए टिकट उस पूंजीपति के हाथों बेच दी जो कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं पर अत्याचार किया। किसी को गुंडो से मरवाया तो किसी पर फर्जी एफआईआर दर्ज करवाई। इतना ही नहीं भाजपा में रहते कांग्रेसियों को घूम-घूम कर गाली देने वाले के हाथो टिकट बेची, जिससे कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। पत्रकारवार्ता कर पूर्व जिला ग्रामीण अध्यक्ष त्रियुगीनाराण शुक्ला ने बताया कि आज हम अपने डेढ़ सौ साथियों के साथ कांग्रेस पार्टी से स्तीफा दे रहे है। कांग्रेस को यह झटका उस वक्त लगा जब रीवा में कांग्रेस से ही लोकसभा चुनाव के संभागीय प्रभारी अजय सिंह राहुल और जिला प्रभारी एंव नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह राजूपत चुनावी हलचल में शमां बाधने रीवा में पदार्पण किये। पत्रकारवार्ता के दौरान श्री शुक्ला ने कहा कि सेमरिया विधानसभा में कांग्रेस को 16 हजार मतो से 40 हजार मतों तक पहुंचाया। मैंने अपने कांग्रेस साथियों के साथ मिलकर 1 लाख से अधिक सक्रिय सदस्य बनाये। जिले में 135 सेक्टर व 415 मंडलम का गठन किया, जिले में 2014 बूथ कमेटी का गठन किया। गांव-गांव, गली-गली जाकर कांग्रेस की बात आमजन तक पहुंचाई और जब टिकट की बात आई तो पार्टी के आला कमान पूंजीपति के हाथों का खिलौना बन गये। पैसों के आगे उन्होंने यह भी नहीं देखा कि जिस महिला को वह टिकट दे रहे है।

## महेश बाबू स्मृति समिति एवं साईंशा फाउंडेशन के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन




**रीवा ।** विंध्य क्षेत्र की साहित्यिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था स्वर्गीय महेश बाबू स्मृति समिति एवं साईंशा सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रंग पंचमी के अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन स्थानीय उर्रहट स्थित कृष्णा सदन में आयोजित किया गया! कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल रहे जबकि अध्यक्षता महेश बाबू स्मृति समिति के अध्यक्ष इंजी. वशिष्ठ मुनि शर्मा ने की! विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व महापौर ममता गुप्ता, जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष विभा पटेल, महिला नेत्री कविता पांडेय, विंध्य विकास प्राधिकरण की पूर्व उपाध्यक्ष विमलेश मिश्रा, पूर्व जनपद अध्यक्ष रायपुर कर्चुलियान लाल बहादुर सिंह, वरिष्ठ मीसाबंदी एवं समाज़सेवी सुभाष श्रीवास्तव, जिला पंचायत सदस्य लालमणि त्रिपाठी, वार्ड 7 के निवर्तमान पार्षद शिवदत्त पांडेय, वरिष्ठ मीसाबंदी बृहस्पति सिंह, राजनेता के. के. गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी गोविन्द प्रसाद तिवारी, टी.आर.एस कॉलेज के पूर्व प्रेसिडेंट सुबोध पांडेय एवं वार्ड 16 के पार्षद सालिक राम नापित उपस्थित रहे! कार्यक्रम का संचालन साईंशा फाउंडेशन के सचिव सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने किया! सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. महेश प्रसाद श्रीवास्तव के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ! तत्पश्चात सभी अतिथियों का सम्मान अंगवस्त्र, श्रीफल भेंट कर, बैच लगा कर एवं माल्यार्पण के साथ किया गया! तदुपरांत सभी ने एक दूसरे को अबीर एवं ग़ुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी! कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों ने कहा कि- जहाँ एक ओर जातिवाद धर्मवाद का आधार लेकर लोगों को बाँटने का कार्य किया जा रहा हो वही दूसरी ओर महेश बाबू स्मृति समिति एवं साईंशा फाउंडेशन का ये आयोजन सराहनीय, प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय है, जहाँ हर जाति, धर्म, मजहब के लोग एक साथ होली का त्यौहार मनाने के लिए एकत्रित हुए!

**आपसी प्रेम की प्रगाढ़ता का पर्व है होली- राजमणि पटेल**

होली मिलन समारोह के इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के जो महत्वपूर्ण लोग उपस्थित थे उनमें प्रमुख रूप से शशि मिश्रा, आर.के. वर्मा, महेंद्र कुमार चौराहा, डॉ राज किशोर कुशवाहा, रामायण पटेल, यतीन्द्र सिंह, शोभनाथ गुप्ता, संतोष नामदेव, आशीष सोनी, रवि करण सिंह, मुकुंद मिश्रा, दीपचंद विश्वकर्मा, पूनम मिश्रा, शमशेर बहादुर सिंह एवं राजकुमार मिश्रा आदि शामिल रहे! कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार साईंशा फाउंडेशन के अध्यक्ष साकेत श्रीवास्तव ने व्यक्त किया!